STELLA MARIS COLLEGE (AUTONOMOUS) CHENNAI- 600 086
(For candidates admitted from the academic year 2019–20 & thereafter)

B.A./B.Sc./B.S.W. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2024
FOURTH SEMESTER

COURSE	**: FOUNDATION - COURSE**
PAPER	**: PRACHIN KAVITA, ANUVAAD EVAM PATRAKARITA**
SUBJECT CODE	**: 19HN/FC/PA43**
TIME	**: 3 HOURS** **MAX. MARKS : 100**

Section – A (5x6=30)

I किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. भगवान की कृपा का वर्णन कबीर किस प्रकार करते हैं ?
2. श्रीकृष्ण, उद्धव से गोकुल के यादों की चर्चा कैसे करते हैं ?
3. केवट भगवान राम के चरणों को धोने की आग्रह क्यों करते हैं ?
4. कबीर गुरु की महिमा का वर्णन कैसे करते हैं ?
5. पत्रकारिता के सामाजिक दायित्व को समझाइए ?
6. एक अच्छे अनुवादक के क्या गुण हैं ?
7. पत्रकारिता का अर्थ और उसकी परिभाषा को बताइए ?
8. नाटक का अनुवाद करते समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

Section – B (2x10=20)

II निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो कि सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

9. पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय ।
एकै आखर प्रेम का, पढे से पंडित होय ।।
10. उद्धव ! बेगि ही ब्रज जाहु । सूरति संदेश सुनाय मेटो बलाभिन दाहु ।
काम पावक तूलमय तन विरह - स्वास समीर ।
भसम नांहिन होन पावत लोचनन के नीर ।।
11. सात समुद्र की मसी करुँ, लेखनी सब बनाराइ ।
सब धरती कागद करूँ, प्रभु गुण लिखा न जाइ ।।
12. जिन्ह को पुनीत बारि धारै सिरपै धुरारि, त्रिपातगामिनि जसु बेद कहैं गाइकै ।
जिन्ह को जोगींद मुनिबृंद देव देह दमि, करत बिबिध जोग - जप मनु लाइकै ।।
13. हम तो नंदघोष की बासी । नाम गोपाल, जाति कुल गोपहि, गोप गोपाल उपासी ।
गिरिवरधारी गोधनचानी, बृंदावन - अभिलासी ।।

Section – C (2x15=30)

III किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए ।

14. पत्रकारिता के प्रकारों को विस्तार से लिखिए ।
15. समाचार के विविध प्रकारों को बताइए ।
16. पठित दोहों के आधार पर कबीर के दोहों का सारांश लिखिए ।

IV हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **(1x10=10)**

17. My dream of village self – government is that it will be a full democracy which will not depend upon its neighbours for its important necessities and it will fulfil its so many other demands for which other's co – operation is needed by mutual co –operation. Thus, the primary task of every village will be to produce all the food it needed and also cotton for cloth by itself. It must have enough spare land where arrangements could be made for grazing the cattle, for providing equipments for the recreation of children and old people and also for playgrounds etc. After that, still if there is spare land such crops will be cultivated in it which will provide financial gains. By this we can also avoid the cultivation of tobacco, opium and the hemp plant.

V अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । **(1x10=10)**

18. भारतीय संस्कृति नदी – मूलक ही है । वैसे तो संसार की अधिकांश संस्कृतियाँ नदी – मूलक ही हैं । कारण इसका यह हो सकता है कि सबसे पहला प्राणी उदक से पैदा हुआ हो । इसीलिए भारतीय ईश्वर का पहला अवतार मत्स्य मानते हैं और पानी की पूजा करना भारतीय जनता की पुरानी और महत्वपूर्ण परंपराओ में एक है । यही कारण है कि भारतीय नदियों के तटों पर बारह वर्षीय मेले लगते रहते हैं । सबसे महत्वपूर्ण नदी भारतीयों के लिए गंगा है । इसलिए भारतीय जहाँ कहीं भी पानी छूता है, उसे गंगाजल मान लेता है, चाहे वह नदी – जल हो अथवा कूप – जल ।

****